चंदावली में आयोजित हुआ स्वास्थ्य जाँच शिविर

समाज का विकास कोई एक व्यक्ति द्वारा सम्भव नहीं है। सामुदायिक विकास को ध्यान में रखते हुए अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ. की यूवा रैड क्रॉस की तीनों इकाईयों और क्यू.आर.जी. हैल्थ सिटी, फरीदाबाद के परस्पर सहयोग से दिनांक 10—02—2018 को डॉ. कृष्णकान्त, प्राचार्य, अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ की प्रेरणा व निर्देशन में एक स्वास्थय जाँच शिविर का आयोजन विश्वविद्यालय आऊटरीच कार्यक्रम (सामुदायिक सेवाएं आपके द्वार) के तहत गोद लिए गांव चंदावली में आयोजित हुआ।

शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त और गाँव की सरपंच अंजू यादव ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्‌बोधन में बताया कि शिक्षा संस्थाओं का दायित्व है कि समाज व समुदाय के उत्थान में हम सबको अपना निरन्तर योगदान देना चाहिए।

शिविर के कोर्डीनेटर डॉ. जयपाल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आज के व्यस्त और तनावपूर्ण दिनचर्या में सभी को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है। इस स्वास्थय जाँच शिविर में क्यू.आर.जी. हैल्थ सिटी के कुशल चिकित्सकों डॉ. लतितेश (हृदय रोग विशेषज्ञ), डॉ. विक्रान्त (हड्‌डी रोग विशेषज्ञ) व डॉ. पारस (सामान्य फिज़ीशीयन) आदि चिकित्सकों ने अपना योगदान दिया। शिविर में लगभग 150 ग्रामीणों के हृदय, हड्‌डी सहित अन्य प्रकार के सामान्य रोगों की जाँच की गई। इस दौरान हस्पताल प्रबन्धन की ओर से ईलाज के दौरान छूट देने की घोषणा भी की गई। इस शिविर के सफल आयोजन में क्यू.आर.जी. के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी श्री दुर्गेश सिंह, यूवा रैड क्रॉस के तीनों काऊंसलर डॉ. जयपाल सिंह, डॉ. विनोद राठी, श्री लवकेश व श्री नरेंद्र व यूवा रैड क्रॉस के लगभग 70 स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय यूथ रैड क्रॉस के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. राधेश्याम जी ने शिविर के सफल आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएँ भेजीं। इस शिविर के आयोजन के लिए यूथ रैड क्रॉस एम.डी. यूनिवर्सिटी रोहतक के द्वारा आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिए पत्र पहले ही लिखा जा चुका है।